हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 जनवरी 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 नगर में श्रद्धाभाव और उत्साह से मनाया ...



07 आस्था का स्नान करने उमड़ा जनसैलाब...



## खबर संक्षेप

### 2047 का भारत थीम दी पर प्रस्तुतियां



**विदिशा।** ओलंपस हाई स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। भारत की आज़ादी से लेकर 2023 तक की उपलब्धियों की झांकी की नृत्य प्रस्तुति दी गई। जिसमें 2047 का विज़न भी दर्शाया गया। उस प्रस्तुति को देख सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, ज़िला शिक्षा अधिकारी गोविंद राठी, पूर्व विधायक शशांक भार्गव, पूर्व प्राचार्या एमएलबी के एन शर्मा, समाजसेवी अतुल शाह, व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेश मोतियानी एवं लायंस क्लब आनन्दपुर, सनराइज के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाभारत नृत्य, वंडेमात्रम गायन की प्रस्तुतियों को सभी में सराहा। बच्चों द्वारा फ्यूज़न सॉंग एवं वाद्ययंत्रों की प्रस्तुतियों कि भी खूब सराहना हुई। अपने उद्बोधन में मुकेश टंडन एवं गोविंद राठी ने बच्चों को शानदार प्रस्तुतियों के लिए सराहा एवं स्कूल परिवार को बधाई दी। बच्चों को साल भर की गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में उम्दा प्रदर्शन करने पर उनके अभिभावकों सहित मंच पर पुरस्कृत किया गया।

### स्थापना दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया



**विदिशा।** हिंदू चेतना सेवा समिति के स्थापना दिवस का एक वर्ष पूर्ण होने पर सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। सत्संग भवन में लड्डू एकत्रीकरण एवं सुरक्षा निधि का कार्यक्रम किया गया। हनुमान जी एवं भूमि माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। संस्थापक रामपाल सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में बताया कि 13 एवं 14 जनवरी को विदिशा जिले के समस्त मंडलों से हिंदू वीरों के द्वारा लड्डू एकत्रित किए गए। इसके बाद नगर के जतरापुरा, जानकीनगर, रायपुरा गुठान स्थित सेवा बस्तियों में वंचित परिवारों में लड्डू वितरित किए गए। जिला अध्यक्ष नितिन सिरभैया ने समिति के द्वारा विगत वर्ष किए गए कार्यों का उल्लेख किया एवं वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा दिया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री बृजेश शर्मा ने तथा आभार गंज बासौदा मंडल अध्यक्ष राकेश रघुवंशी ने किया।

### लंबित आवेदनों की समीक्षा आज 3 बजे से

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक बाज दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बैठक की सूचना से विभागों के अधिकारियों को सूचित किया गया है। उन्होंने समुचित जानकारियां सहित बैठक में नियत समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

---

पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान

# कार्यक्रम खत्म होने के बाद बाहर निकले मंत्री को नहीं मिला वाहन, पैदल ही स्टेशन चल दिए, कहाः 75 कमजोर जनजाति समूह का सर्वांगीण विकास हो

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान को लेकर सोमवार को ऑडिटोरिय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र खटीक शामिल हुए। कार्यक्रम खत्म होने के बाद जैसे ही वह ऑडिटोरियम से बाहर निकले तो उनके लिए कोई वाहन दिखाई नहीं दिया। इसके बाद मंत्री पैदल ही स्टेशन की ओर चल दिए तो कुछ भाजपा कार्यकर्ता उनके साथ हो गए। हालांकि कुछ दूर चलने के बाद मंत्री के लिए वाहन पहुंच गया।

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ी जनजाति के लोगों को पहली किस्त जारी की। विदिशा में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रविंद्र नाथ टैगोर ऑडिटोरियम में किया गया था। कार्यक्रम में विदिशा सांसद रमाकांत भार्गव, विधायक मुकेश टंडन, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा, सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर वीरेंद्र खटीक ने प्रधानमंत्री की मंशा को बताते हुए हर वर्ग के उत्थान की बात कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सब का साथ सब का विकास को लेकर काम कर रहे है। हमारी सरकार उन आदिवासियों भाई बहन तक पहुंच रही है जहा अभी तक पहुंचने के प्रयास नहीं किए गए। मिशन का लक्ष्य है कि विशेष रूप से 75 कमजोर जनजाति समूह का सर्वांगीण विकास हो। उनको सुविधाओं को लाभ दिलाना, जिनसे वह आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के बाद भी वंचित रहे हैं।



विदिशा। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों से जानकारी लेते केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र खटीक।

### कुछ देर बाद वाहनों का काफिला पहुंचा पर मंत्री गाड़ी में नहीं बैठे, पैदल ही स्टेशन पहुंचे

सोमवार को केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार खटीक प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जन-मन पीव्हीटीजी मिशन के तहत जिले की सहरिया जनजाति वर्ग के समुदायों व नागरिकों को केन्द्रीय योजनाओं के तहत हितलाभ का वितरण करने आए थे। लेकिन सरकारी सिस्टम ने उनके प्रोटोकॉल का ख्याल नहीं रखा। कार्यक्रम समापन होने के बाद केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार बाहर निकले। जिनको रेलवे स्टेशन जाना था। कार्यक्रम स्थल के बाहर वाहनों की व्यवस्था नहीं दिखी। वाहनों की व्यवस्था को न देख वे पैदल ही वहां से स्टेशन की तरफ चल पड़े। यह देखकर वहां मौजूद मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह और सुरेन्द्र चौहान उनके साथ पैदल स्टेशन चल दिए और उनको स्टेशन तक छोड़ा। हालांकि इस कुछ देर बाद ही वाहनों का काफिला मंत्री को दोड़ने लिए स्टेशन पहुंचा, लेकिन वह गाड़ी में नहीं बैठे और पैदल ही स्टेशन पहुंचे।

---


## मकर संक्रांति पर बेतवा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

# घाटों पर तैनात किए गए 27 जवान लोगों ने स्नान कर दान, पुण्य किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मकर संक्रांति का त्योहार जिले भर में श्रद्धा भाव से मनाया गया। सोमवार को मकर सक्रांति के मौके पर बेतवा नदी के बड़ वाले घाट सहित विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं द्वारा मकर सक्रांति की आस्था की डुबकी लगाई। करीब 15 से 20 हजार श्रद्धालुओं ने बेतवा में स्नान कर घाट पर पूजन, दान पुण्य किया।

मकर सक्रांति के पर्व पर पवित्र नदी में डुबकी लगाने के साथ ही मंदिरों में दर्शन करने और दान करने का महत्व बताया गया है। इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं ने बेतवा नदी में डुबकी लगाने के बाद भगवान की पूजन करके गुड़ तिल और अन्य सामग्री दान की। मकर संक्रांति के पर्व को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से चाक चौबंद बंदोबस्त किए है। बेतवा के घाटों पर सुरक्षा के लिहाज से होमगार्ड और एसडीआरएफ के जवान मोटर बोट लाइफ जैकेट सहित अन्य सुरक्षा उपकरण के साथ तैनात हैं। होमगार्ड के अधिकारी ने बताया की सभी घाटों पर 27 जवान और तैराक तैनात किए गए थे।



विदिशा। मकर संक्रांति के अवसर पर बेतवा के बड़ वाले घाट पहुंचकर हजारों की संख्या में लोगों ने डुबकी लगाई।

### मोटर बोट चलाकर जलकुंभी को हटवाया



मकर संक्रांति पर बेतवा के बड़ वाले घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए नदी में मोटर बोट चलाकर जलकुंभी को साफ किया गया। सुरक्षा के लिए होमगार्ड द्वारा जो मोटर वोट नदी में उतारी गई थी। उसे से नदी को जलकुंभी को भी हटवाया गया। जिससे जलकुंभी के नीचे पानी दिखाई देने लगा। इसी पानी में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा ली।

---

# आयोजनः दंगल के अखाड़े में पहलवानों ने दांव-पेंच दिखाए

संक्रांति पर छाल दिवाली अखाड़ा ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मकर संक्रांति के मौके पर प्रदेश स्तरीय कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें पहलवानों ने कुश्ती में अपने दाव पेंच दिखाए। जिले में हर साल की तरह इस बार भी मकर संक्रांति पर छाल दिवाली अखाड़ा ने कुश्ती दंगल का आयोजन किया।

शहर ही नहीं आसपास के जिलों के छोटे बड़े पहलवानों ने हिस्सा लिया। साथ ही अपना दम दिखाते हुए दांव पेंच दिखाए। कुश्ती के इस पुरानी व पारंपरिक खेल को देखने के लिए दूर-दराज गांवों से ग्रामीण भी पहुंचे थे और पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। अखाड़े के पहलवान ने बताया कि पिछले कई वर्षों से अखाड़े द्वारा कुश्ती का आयोजन कराया जा रहा है। भारत की पुरानी परंपरा और देसी कुश्ती का आयोजन होता है। जिले से और प्रदेश के विभिन्न जगहों से बड़ी संख्या में पहलवान दंगल में भाग लेते हैं। कुश्ती में कला विलुप्त होती जा रही है। इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के पहलवानों को प्रेरणा मिलती है। इससे युवा वर्ग पहलवानी की ओर आकर्षित होता हैं। उन्होंने कहा कि कुश्ती से लोग स्वस्थ भी रहते हैं।

---

## कलश यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु



**हैदरगढ़।** मृगन्नाथ धाम पर 15 जनवरी से प्रारंभ हुई पांच दिवसीय गौ कथा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा शामिल हुए। बेटियां सिर पर सुंदर कलश सजाकर शामिल हुईं तो वहीं पुरुष हाथों में भगवा ध्वज रखे हुए चल रहे थे। रास्ते में ग्रामीण जनों के द्वारा फूलों की वर्षा की। मिडोईया मंदिर से 3 किमी में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। कलश यात्रा मुख्य मार्ग हैदरगढ से होते हुए, मृगन्नाथ धाम गौशाला पर पहुंची। पूरे रास्ते में गौ कथा वाचक गौवत्स अंकित कृष्णा बटुक महाराज का फूलों से स्वागत किया। वर्तमान विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने भी बुधवारा बाजार में कलश यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद श्री गोपाल कृष्ण गौशाला मृगन्नाथ धाम में भव्य संगीत में गौ कथा आरंभ हुई।

### धूप निकलने से ठंड से मिली राहत, तापमान बढ़ा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** मौसम के मिजाज नरमी देखने को मिल रही है। मौसम खुला होने के चलते धूप निकल रही है। जिसके चलते अधिकतम तापमान में वृद्धि हुई है। पिछले एक पखवाड़े तक कोहरा और कड़ाके की ठंड पड़ने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। पर अब मौसम में बदलाव होने लगा है। मौसम खुला होने पर धूप तो निकल रही है, पर सर्द हवा चलने से सुबह के समय ठंड का असर बना हुआ है। वहीं सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। धूप के कारण दिन में ठंड का असर कम रहा। शाम होते ही सर्दी का एहसास होने लगता है। मौसम विभाग की माने तो मौसम की मिजाज में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। तेज कोहरा और बारिश की संभावना नहीं बन रही।

# बिलरई गांव के युवा गौरव रघुवंशी ने एसडीओ के पद पर थर्ड रैंक प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बिलराई गांव निवासी गौरव सिंह रघुवंशी ने एमपीपीएससी 2021 में जल संसाधन विभाग में एसडीओ के पद पर थर्ड रैंक प्राप्त की है।

गौरव सिंह के पिता खिलान सिंह रघुवंशी भोपाल रेलवे में वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। जन संसाधन विभाग में एसडीओ के पद पर थर्ड रैंक प्राप्त करने वाले गौरव सिंह रघुवंशी ने हरिभूमि को बताया की इससे पहले वह जूनियर कमांडिंग ऑफिसर के पद पर रहे। उसके बाद रेलवे कोरीडोर बड़ोदा में सीनियर एक्जीक्यूटिव के पद पर काम किया। गौरव रघुवंशी ने बताया की मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग' (एमपीपीएससी) द्वारा राज्य सिविल सेवा परीक्षा का आयोजन तीन चरणों में कराया जाता है। ये तीन चरण प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार होता है। एमपीपीएससी के लिए इंटरव्यू यानी पर्सनालिटी टेस्ट में 175 अंक होते हैं और उम्मीदवारों का मूल्यांकन कई पहलुओं में किया जाता है। एमपीपीएससी इंटरव्यू के लिए कोई न्यूनतम कटऑफ नहीं होती है। एमपीपीएससी मुख्य परीक्षा 2021 का आयोजन 17 से 22 जुलाई तक मध्य प्रदेश के कई परीक्षा केंद्रों पर किया गया था।





विदिशा। परीक्षा पास करने के बाद परिजनों के साथ खुशी का इजहार करते हुए।

### गुरुद्वारे में अखंड पाठ शुरूः धूमधाम से मनाया जाएगा प्रकाश पर्व

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी का 357वां प्रकाश उत्सव 15 से 17 जनवरी तक धूमधाम से मनाया जा रहा है। गुरुद्वारे में सोमवार से गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ शुरू किया गया। शहर में बड़े ही धूम-धाम के साथ गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। गुरु गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व 17 जनवरी को मनाया जाएगा। प्रकाश पर्व को लेकर सोमवार से ही गुरु द्वारे में विशेष पूजा अर्चना के दौर शुरू हो गया है। गुरु द्वारे में सोमवार को निशान साहब की सेवा की गई। उसके बाद गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ का प्रारंभ किया गया, जो 16 जनवरी को भी गुरु द्वारे में श्रद्धा पूर्वक कीर्तन जारी रहेगा। जो 17 जनवरी प्रकाश पर्व तक चलेगा।

---

# अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

शासकीय अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसके चलते हॉस्पिटल में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया गया, बड़ा हादसा होने से बच गया ।

बताया गया कि सोमवार शाम के समय शासकीय अस्पताल के वैक्सीन सेंटर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। जिसके चलते अस्पताल में धुएं के गुब्बारे छा गए। इस दौरान हॉस्पिटल की बिजली गुल हो गई। धूएं से मरीज काफी देर तक परेशान होते रहे। हॉस्पिटल में आग लगने की जानकारी लगते ही मरीजों में भगदड़ मच गई। मरीजों के परिजन मरीजों को लेकर हॉस्पिटल के बाहर खुले में आ गए। बाद में कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया गया है,जिसके चलते बड़ा हादसा टल गया है। घटना की जानकारी लगने के बाद तहसीलदार और एसडीओपी सहित थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे।



# 5 लाख तक का फ्री इलाज दे रही मोदी की सरकारः सांसद

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को दिया जा रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा हर गरीब को पक्का मकान एवं 5 लाख तक का फ्री इलाज आयुष्मान कार्ड द्वारा भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा हैं।

माधवगंज एवं ग्राम इमलिया एवं पैरवारा में संकल्प भारत यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। पैरवारा में सांसद रमाकांत भार्गव शमिल हुए। स्वास्थ्य विभाग, आजीविका मिशन, कृषि विभाग, महिला बाल विकास आदि द्वारा स्टॉल भी लगाए गए। मंच पर भाजपा के जन प्रतिनिधियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनहितेशी योजनाओं की जानकारी दी, नवनिर्वाचित विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश की गरीब जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, हमारे बीच में मोदी की गारंटी का रथ आया है जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में घूम रहा हैं केंद्र सरकार ने विगत वर्षों से जनता के हित में जो काम किए हैं इसी को लेकर देश भर में विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है।

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, श्याम सुंदर शर्मा, भारतीय जनता बेस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, दुर्गा नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान के अलावा समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी और सरपंच सचिव जन अभियान परिषद् व मुख्यमंत्री सेवा मित्रो की टीम साथ रही।





विदिशा। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करते सांसद।

### लाभ पहुंचाने शुरू किया कार्यक्रमः सांसद

सांसद भार्गव ने कहा की प्रधानमंत्री के द्वारा देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से उन नागरिकों को चिन्हित कर योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। जो इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए थे उन्हे लाभ देने विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई। उन्होंने बताया कि केंद्र की प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना के साथ-साथ प्रदेश सरकार की जनहितैशी योजनाओं का लाभ हर वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### संकीर्तन यात्रा में शामिल होने की अपील

**गंजबासौदा।** रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या के उपलक्ष्य में नगर के मैथिल ब्राह्मण समाज द्वारा संकीर्तन यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा 18 जनवरी को सुबह 9 बजे रेलवे स्टेशन मंदिर से प्रारंभ होकर, सुभाष चौक, नेहरु चौक, अंबेडकर चौक, जय स्तंभ चौक, हनुमान चौक, सावरकर चौक, गांधी चौक, सिरोंज चौराहा होते हुए गंज वाले हनुमान मंदिर पर ध्वजारोहण के साथ पूर्ण होगी। जिसमें सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने की अपील मैथिल ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेश्वर झा ने की है।

### चलाया जा रहा सदस्यता अभियान

**गंजबासौदा।** इन दिनों भारतीय किसान संघ द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले में एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया। जिसके लिए ग्रामों में सदस्य बनाए गए, जिनमें कजरई, खामखेड़ा, सुनेटी रुपेटी ग्रामों में सदस्य बनाए गए। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष रघुवीर सिंह दांगी, उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह राजपूत, मीडिया प्रभारी माधव प्रसाद दुबे, वीर सिंह ठाकुर, जसवंत सिंह द्वारा ग्रामों में सदस्यता दिलाई गई। ज्ञात हो कि भारतीय किसान संघ लंबे समय से इलाके में सदस्यता अभियान चलाकर नवीन सदस्य जोड़ रहा है।

### बेतवा के रिपटा घाट, नौलखी घाट पर स्नान करने उमड़ा जनसैलाब, मेले का हुआ आयोजन

# नगर में श्रद्धाभाव और उत्साह से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में मकर संक्रांति पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर नागरिकों ने अपने परिजनों के साथ बेतवा नदी के रिपटा घाट, नौलखी घाट पहुंचकर स्नान कर पूजन अर्चन किया तथा लड्डूओ का भोग लगाया। वहीं अनेक श्रद्धालुओं ने नर्मदा नदी के विभिन्न घाटों पर स्नान कर मकर सक्रांति पर्व मनाया। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में तारण तरण जैन पाठशाला ग्राउण्ड में पतंग महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पप्पू समैया, नितिन यादव, अंटू तोमर, सरिता जैन, मयंक टांक, सतपाल कुशवाह, सचिन श्रीवास्तव, पिंटू सहित अनेक लोग मौजूद थे।





ज्ञात हो कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने और सूर्य के उत्तरायण होने के पर्व को इलाके में उत्साह से मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने घरों में तिल के उबटन से स्नान किया और मंदिरों एवं घरों में भगवान को लड्डू खिचडी का भोग लगाया। मकर संक्रांति के चलते सुबह से लेकर रात्रि तक नगर के शीतला शक्तिधाम, नौलखी मंदिर, गंज हनुमान मंदिर, उदयपुर, गमाखर, त्योंदा, नूरपुर, मुरादपुर, देवपुर सहित अन्य मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने नदी, कुंड आदि में स्नान कर भगवान को भोग लगाकर पूजन अर्चन की। इसके बाद सभी ने लड्डू का प्रसाद ग्रहण किया। उधर बेतवा नदी के रिपटा घाट पर मेले का आयोजन हुआ। जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बेतवा नदी में डुबकी लगाई और घाट पर ही पूजन अर्चन कर लड्डुओं का भोग लगाकर प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद मेले में खरीदारी की एवं मेले का लुफ्त उठाया।

मकर संक्राति पर्व के चलते अन्य संगठनों एवं संस्थाओं ने भी लड्डू एवं खिचडी का वितरण किया गया। वहीं मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बरीघाट रोड़ स्थित दयोदय गौशाला में गायों के लिए ठण्ड से बचाने के लिए औषधि युक्त लड्डू खिलाने का कार्यक्रम रखा गया। जिसमे गौ सेवा से जुड़े लोगों ने गौशाला पहुंच कर गायों के लिए अपने हाथों से लड्डू खिलाए। इसके पूर्व दयोदय गौशाला में 600 किलो गुड़ के औषधि युक्त लड्डू मे शतावर, काली मिर्च, हल्दी, काली हल्दी, अजवाइन, मेथी, लेड़ीपीपर, सोठ, कमरकस, बच, सरसों का तेल इत्यादि अन्य औषधि का मिश्रण कर लड्डूओ का निर्माण किया गया। यह गाये को ठण्ड से बचाने और अंदर से गरम रखने के लिए लाभदायक है। औषधि युक्त गुड़ लड्डू का निर्माण एवं वितरण सकल जैन समाज के तत्वाधान में प्रथम निर्यापक मुनिश्री 108 समयसागर महाराज के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से गौशाला में 500 से अधिक आश्रय प्राप्त गोवंशों को लड्डू खिलाने का कार्यक्रम रखा गया। लड्डू खिलाने के लिए गौशाला समिति एवम गौ सेवा से जुड़े धर्मप्रेमी बंधु एवम सकल जैन समाज की संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गरीबों को कंबल वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव का जन्म दिवस मां शीतला शक्तिधाम में प्रसादी वितरण गरीबों में कंबल और मिठाइयां वितरित कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विकास शर्मा ने अरुण यादव के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए माता शीतला से प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक निशंक जैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्य प्रकाश सेन, बहादुर सिंह दांगी, राजकुमार सेन, सुनील बाबू पिंगले, प्रमोद शर्मा, जगदीश व्यास, मोहम्मद अदनान, संजू यादव, बंटी गुर्जर, आनंद शर्मा, प्रदीप लाहोरी, पवन रिछारिया, विक्की यादव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## श्रमदान दल ने चलाया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पिछले दो साल से भी अधिक समय से नगर के श्रमदान दल के तत्वाधान में सतत स्वच्छता कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। ताकि लोगों को नदियों जलाशयों के साथ साथ प्राकृतिक संसाधनों के महत्व और उनकी उपयोगिता को समझाया जा सके। यहां उल्लेखनीय है कि नगर के युवाओं का समूह श्रमदान दल वर्तमान में मध्यप्रदेश में बेतवा नदी के साथ राजस्थान के कोटा में चंबल नदी के संरक्षण के लिए प्रयास रत है। रविवार को भी दल के सदस्यों ने अपने साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 के पंद्रहवें चरण के तहत गंजबासौदा और कोटा में स्वच्छता कार्यक्रम को संचालित किया। साथ ही साथ मकर संक्रांति के त्योहार को ध्यान में रखते हुए बैनर और पेंटिंग के माध्यम से जगह जगह स्लोगन लिखवाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है। हर बार अलग अलग तरीके से दल के सदस्य लोगों को जागरूक करने का प्रयास करते रहते हैं। रविवार स्वच्छता कार्यक्रम में दिनेश चौरसिया, अजय कुमार गुप्ता, मोहित विश्वकर्मा, राकेश रघुवंशी, रुद्रांश सिंह, नितिन अग्रवाल, अंकित मालवीय, आकाश अग्रवाल, रवि रघुवंशी, प्रशांत शर्मा, अरुण यादव, विशाल सेन, दीपेश शर्मा, सूर्य प्रताप राजपूत, आकाश जैन एवं बाल श्रमदानी लक्ष्य राजपूत, जैत्र राजपूत, संस्कार अग्रवाल उपस्थित थे।

## कथा सुनने पहुंच रहे श्रद्धालुगण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम नोघई सतधारा घाट में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस कथा वाचक रमा किशोरी ने बताया कि जब राम जी का जन्म हुआ तब भोलेनाथ और कागभुसुंडि भी दर्शन के लिए आए। सूर्य नारायण ने 1 महीने तक श्रीराम जन्मोत्सव का आनंद लिया। एक महीने का एक दिन हुआ, भगवान की सुंदर-सुंदर बाल लीलाएं विश्वामित्र आगमन विश्वामित्र, श्री राम लक्ष्मण को अपने साथ लेकर गए। ताड़का का वध, अहिल्या उद्धार, जनकपुर में प्रवेश, पशु वाटिका प्रसंग एवं धनुष यज्ञ सीता स्वयंवर की कथा आदि का बहुत सुंदर व्याख्यान किया एवं सीताराम विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुगण ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया।

### किसानों द्वारा खोदी जा रही सड़क

**गंज बासौदा।** किसानों द्वारा सिंचाई के दौरान सड़क को खोदकर खराब किया जा रहा है। किसान सड़क निर्माण के समय नीचे पाईप लाईन डलवाते नही और सिंचाई के लिए पानी की लाइन डालते समय जहां चाहे वहां सड़क को खोद दिया जाता है।



जिससे बाद में सड़क वही से उखड़ने लगती है। बरेठ-उदयपुर मुख्य सड़क मार्ग पर किसानो द्वारा खुदाई की जा रही है।

## ग्रामीणों ने बिछाए पलक पांवड़े, बुधवार को होगा नगर में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जगत के नाथ पुकारे जाने वाले महाप्रभु भगवान जगन्नाथ उड़ीसा (जगन्नाथपुरी) से चलकर गांव के रास्तों को नापकर अब धीरे-धीरे हमारे नगर की तरफ बढ़ रहे हैं। रथ यात्रा के स्वागत को लेकर गांवों में भी आस्था और श्रद्धा के साथ सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने मिल रहा है। हर वर्ग रथ यात्रा के स्वागत में आतुर नजर आया। गांवों में घर की देहरी गोबर से लिपी और रंगोली बनी हुई दिखी, वहीं घर हो या सड़क महिलाएं पूजन का थाल सजाए प्रज्वलित दीप लेकर सिर पर कलश और मंगल गीतों के साथ पुष्पवर्षा कर आरती करते हुए नजर आईं। पुरुष वर्ग ग्रामीण वाद्य यंत्रों पर नाचते गाते हुए ऐसे नजर आए जैसे आज मानो उनके घर में कोई बड़ा मांगलिक उत्सव हो। गांवों में उपलब्ध प्राकृतिक सीमित संसाधनों के बाद भी ग्रामीणों ने स्वागत सत्कार में ऐसे पलक पांवडे.बिछाए जिसे देखकर भक्त और भगवान गदगद होते नजर आए। भगवान जगदीश स्वामी और साथ चल रहे पद यात्रियों के रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को पदयात्रा गाजे बाजे के साथ ग्राम रजवांस से नगर की तरफ बढ़ना प्रारंभ हुई जो मैनवाड़ा, त्योंदा, रसूलपुर होते हुए रात्रि विश्राम के लिए घटेरा पहुंची। नगर में भी भगवान जगदीश स्वामी के आगमन को लेकर जोर-शोर से भव्य स्वागत की तैयारियां चल रही हैं।





ज्ञात हो कि करीब 1200 किलोमीटर और 40 दिन की यात्रा के साथ भगवान जगदीश स्वामी, बहन सुभद्रा और बलभद्र के नवीन विग्रह को जगन्नाथपुरी से पदयात्रा करते हुए नगर में लेकर आ रहे लेकर करीब 40 पद यात्रियों की यात्रा अभी तक 1150 किलोमीटर का सफर तय कर चुकी है। 17 जनवरी बुधवार को यह रथ यात्रा नगर में प्रवेश कर जाएगी। अप्रैल महीने में वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर भगवान जगदीश स्वामी के नवीन विग्रहों की स्थापना होनी है। जगन्नाथपुरी, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ के रास्तों को नापते हुए रथ यात्रा ने मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों और गांवों को पार कर रविवार को जिले की सीमा में प्रवेश किया। रथयात्रा के ग्राम रजवांस पहुंचने पर उसे यादगार बनाने के लिए अनूठा प्रयास देखने मिला।

पूर्व मंडी अध्यक्ष कमल सिंह रघुवंशी के गृह ग्राम में सभी पद यात्रियों के जोरदार स्वागत के साथ उनके रुकने की व्यवस्था की गई। ग्राम रजवांस निवासी मुकेश रघुवंशी, दिगपाल सिंह, रावेन्द्र सिंह, हर्ष रघुवंशी सहित पद यात्रियों के साथ रथ यात्रा के निमित्त नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज के हाथों रुद्राक्ष का पौधा लगाया गया। नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी रजवांस पहुंचकर रथ यात्रा और पद यात्रियों का स्वागत किया। रथ यात्रा में पहले दिन से साथ चल रहे ग्राम मटियाई के हरिसिंह कुर्मी पटेल के गृह ग्राम में जोरदार स्वागत किया गया। वहीं त्योंदा में जगन्नाथपुर से आए संतों का स्वागत किया गया। जगन्नाथ पुरी से भगवान जगदीश स्वामी की मूर्ति लेकर आए साधु संतों का त्योंदा में जगह-जगह स्वागत किया गया। इस मौके पर डॉक्टर सूरज प्रसाद श्रीवास्तव, सुरेश राय, सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम अहिरवार, बिट्टू जैन सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद थे।

## ट्रक की टक्कर से साइन बोर्ड हुआ क्षतिग्रस्त



**त्योंदा।** गत दिवस सुबह के समय एक ट्रक हाइवे पर लगे साइन बोर्ड के खंभे से जा टकराया, जिससे खंबा सहित बोर्ड टूटकर नीचे जा गिरा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ट्रक सागर की ओर से विदिशा जा रहा था। इस दौरान बागरोद तिराहा बाईपास के आगे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और मुख्य सड़क पर लगे साइन बोर्ड से ट्रक टकरा गया। जिससे बोर्ड का एक हिस्सा सड़क से नीचे जा पहुंचा। इस बोर्ड पर आगे के शहर की दूरी व उनके नाम लिखे हुए थे। बोर्ड क्षतिग्रस्त होने के बाद हाईवे मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को अब संबंधित शहर व नगर की दूरी ज्ञात नहीं हो सकेगी।

### वेदांत आश्रम में चल रही श्रीराम कथा का पंद्रहवा दिन

# वेदांती महाराज ने श्रीराम कथा में राम विवाह का विस्तार से वर्णन किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भक्ति वेदांत आश्रम में समायोजित विराट शतचंडी महायज्ञ व सरस संगीतमय श्रीराम कथा में जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ. राम कमलदास वेदांती महाराज ने श्री रामचरितमानस में वर्णित श्रीराम विवाह का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि देव दुर्लभ मानव शरीर सांसारिक कर्तव्यों को पूर्ण करते हुए ईश्वर को प्राप्त करने के लिए ही मिला है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को सांसारिक जिम्मेदारियों को पूर्ण करते हुए भी अपनी मूल लक्ष्य का त्याग नहीं करना चाहिए।

श्रीराम कथा में वर्णित लक्ष्मण परशुराम संवाद के माध्यम से बताया गया कि क्रोध में भरा हुआ व्यक्ति अपने सामने खड़े हुए भगवान को भी नहीं पहचान पाता। इसीलिए भगवान परशुराम भी अपने सामने खड़े हुए, श्री राम को नहीं पहचान पाए और वे श्रीराम को भी अनुचित शब्दों में फटकारते हैं और तब अपने बड़े भाई का असम्मान होते हुए देखकर लक्ष्मण आगे आकर भगवान परशुराम को बताने का प्रयत्न करते हैं कि भगवान राम ने धनुष को तोड़ा नहीं है। उनके स्पर्श करते ही धनुष खुद ही टूट गया। किंतु परशुरामजी को लगा जिस धनुष को हजारों राजा मिलकर हिला तक ना सके वह धनुष श्री राम के स्पर्श करते ही टूट कैसे गया और अंत में भगवान परशुराम ने अपने धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए भगवान राम को अपना धनुष दे दिया। किंतु वे उस समय आश्चर्य में पड़ गए जिस समय उनके हाथ में जाते ही धनुष की प्रत्यंचा खुद ही चढ़ गई।

अंत में वे श्रीराम को भगवान का अवतार जानकर उन्हें नमन करके तपस्या करने चले गए। कथा के अंत में राजा जनक के निमंत्रण पर अयोध्या नरेश राजा दशरथ सज धज कर पूरी बारात के साथ जनकपुर पधारे। कथा स्थल में बने हुए विवाह मंडप को अद्भुत सजाया गया तथा कथा के साथ-साथ झांकियो के माध्यम से भी आश्रम के संस्कृत छात्रों ने राम विवाह का दृश्य साकार कर दिया। इस विशेष अवसर पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी सहित कथा व यज्ञ के समस्त यजमानों को पगड़ी बांधी गई। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कथा व्यास स्वामी वेदांती महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी वेदांती महाराज ने हमारे क्षेत्र में एक संस्कृत विद्यालय की स्थापना कर के हमारे क्षेत्र के लिए एक बहुत बड़ी सौगात दी है। वेदांत आश्रम में पढ़ रहे संस्कृत छात्रों के द्वारा हमारी वैदिक सनातन संस्कृति का उत्थान होगा तथा जन जन में संस्कृत भाषा के प्रति महत्वपूर्ण दृष्टि पैदा होगी। उन्होंने कहा कि मैं यथा संभव आश्रम की मदद करता रहूंगा। शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद यज्ञस्थली के पास विराजमान नव देवियों की नव प्रतिमाओं की आरती उतारी गई।

ज्ञात हो कि सोलह जनवरी दिन मंगलवार वेदांत आश्रम से सुबह दस बजे देवियों की विसर्जन यात्रा जय स्तंभ चौक, सावरकर चौक, सिरोंज चौराहा होते हुए बेतवा नदी तट तक पहुंचेगी। आश्रम के महंत हरिहर दास ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित सभी संतो को बधाई तथा श्रद्धालुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे वेदांत आश्रम में होने वाले सभी अनुष्ठानों में इसी प्रकार श्रद्धा उत्साह पूर्वक भाग लेते रहेंगे।

## विहिप का अक्षत वितरण अभियान हुआ पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत 1 जनवरी से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर आरंभ हुये विश्व हिन्दू परिषद के देश व्यापी अक्षत वितरण एवं परिवार संपर्क अभियान का सोमवार को समापन हो गया। अभियान के जिला संयोजक अभिषेक शर्मा ने बताया कि गंज बासौदा जिले में इस अभियान की पूर्व से ही व्यापक तैयारियां की गयीं थी। ग्राम स्तर तक टोलियां बनाईं गई जिसके परिणामस्वरूप जिले के अंतर्गत सभी 102 मंडलों, 25 बस्तियों और 131 शहरी मोहल्लों में तथा 983 ग्रामों को स्पर्श करते हुये यह अभियान पूर्ण हो गया है।





श्रीराम जन्मभूमि पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर हिन्दू समाज में काफी उत्साह है। संपर्क की टोलियां जब ग्राम ग्राम में अयोध्या के पूजित अक्षत लेकर पहुंचतीं तो ग्राम वासियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाता और लोगों ने कहा कि 22 जनवरी को देश की अब तक की सबसे बड़ी दीवाली मनायेंगे। राम जब 14 वर्ष के वनवास से लौटे थे, तब अयोध्या में दीवाली मनी थी। आज राम 496 वर्षों के बाद अपने राजमहल में प्रतिष्ठित हो रहे हैं। यह हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल है। इस दिन को पूरे उत्साह से मनायेंगे। ग्राम हो या शहर हर मंदिर पर 22 जनवरी को कुछ न कुछ आयोजन अवश्य होगा कहीं अखंड रामायण, कहीं रामधुन तो कहीं प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा। प्रसादी वितरण से लेकर भव्य भंडारे तक की योजना मंदिर समितियों ने बना रखी है। संपर्क की टोलियों ने मंदिर समितियों से हर मंदिर को अयोध्या बनाने का आह्वान किया है एवं घरों की साज सज्जा करने, रंगोली बनाने, घर पर भगवा ध्वज लगाने तथा वंदनवार बांधने एवं रात्रि में दीपक जलाने का आग्रह किया है।

केशरिया ध्वज और भगवान श्रीराम-कृष्ण के चित्र लेकर देवपुर पहुंचे विधायक उमाकांत

# आस्था का स्नान करने उमड़ा जनसैलाब धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का पर्व





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मकर सक्रांति के शुभ अवसर पर सोमवार को क्षेत्रीय विधायक उमकांत शर्मा अपने कार्यकर्ताओं के साथ हाथ में केशरिया ध्वज और भगवान श्री राम-कृष्ण के चित्र साथ में लेकर पवित्र तीर्थ क्षेत्र ग्राम देवपुर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली की कामना हेतु बाबा विश्वनाथ का पूजन अर्चन एवं अभिषेक किया तथा संपूर्ण तीर्थ क्षेत्र की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं से भेंट करते हुए 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आमंत्रण हेतु अक्षत भेंट किए।

### खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल

इस अवसर पर विशाल मेले का भ्रमण करते हुए क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महामाया ग्रुप द्वारा आयोजित खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में सम्मलित हुए उन्होंने अपने हाथों से कार्यक्रम में उपस्थित साधु संत एवं गरीबों को खिचड़ी वितरण करते हुए कहा कि मकर सक्रांति में सूर्य भगवान दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाते हैं पृथ्वी के प्रत्यक्ष देवता सूर्य हैं जो हमारी सदैव रक्षा करते हैं उन्होंने कहा कि मकर संक्रांती का यह त्यौहार पवित्र क्षेत्र देवपुर में पिछले कई वर्षों से मनाया जा रहा है दूर दूर के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग यहा आकर बाबा विश्वनाथ को पवित्र जल से नहलाकर उनका अभिषेक करते हैं एवं धर्मलाभ प्राप्त करते हैं। इस क्षेत्र के विकास हेतु बहुत से कार्य किए जा रहे हैं और भविष्य में भी कार्य किए जावेंगे। बाबा विश्वनाथ क्षेत्र के सभी लोगों का कल्याण करें एवं स्वस्थ्य रखें।

### दो दिन के मेले का उठाया लुफ्त

मकर सक्रांति पर यहां दो दिनी मेले का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों और युवाओं ने खिलौने खानपान,आदि का लुफ्त उठाया। वही महिलाओं ने जरूरी सामग्री की खरीदारी की। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। साथ ही अषोकनगर सीमा पर स्थित धाम करीला में सैकड़ो श्रध्दालुओं ने पहुंचकर मत्था टेका। इस दौरान मंकर संक्राति के उपलक्ष्य में यहां मेला आयोजित किया गया था। वही माह की प्रत्येक पूर्णिमा पर मेले का आयोजन होता है। सोमवार को प्रातः से ही भक्तों का सिलसिला प्रारंभ हो गया था,जो देर शाम तक चलता रहा। इस बीच कई श्रद्धालुओं ने राई नृत्य भी कराएं।

### गुड़-तिल से बने लड्डूओं का लगाया गया भोग

नगर में सहित ग्रामिण अंचलों में मकर संक्राति पर्व की धूम रही। गुड़-तिल से बने लड्डुओं का भोग भगवान को अर्पित कर उगते हुए सूर्य को नमन किया गया। नगर के सभी मंदिरों में सुबह से श्रध्दालुओं की भारी भीड़ रही। वही तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर मे आस्था का सैलाव उमड़ पड़ा। इसके अलावा अन्य जल स्त्रोतों पर भी स्नान हूए। धाम देवपुर में चारों तरफ भीड़ दिखाई दे रही थी। सुबह से बावा विष्वनाथ की पूजा के लिए श्रध्दालु पहुंचने लगे थे। कड़ाके की सर्दी की वजह से सुबह दर्शन करने में देर नहीं लगी, लेकिन सर्दी का कम होते ही जन सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं स्नान के लिए एक दिन पहले ही श्रद्धालु यहां आ चुके थे। रात्रि विश्राम मेला परिसर में ही हुआ। सुबह ब्रह्म मुहूर्त से स्नान का सिलसिला शुरू हुआ, जो दोपहर तक चलता रहा। दिन में भी लोग मंडलियों के रूप में आते रहे। मेले में भीड़ के मद्देनजर पुलिस व्यवस्था भी थी। स्नान और पूजा के बाद श्रद्धालु मेले में लगीं दुकानों पर खानपान और खरीदारी का आनंद ले रहे थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा...

## जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही यात्रा का उद्देश्यः विधायक शर्मा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर पालिका परिषद द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत नगर के छत्री नाका चौराहा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं हितलाभ देने का है। साथ ही जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है ऐसे हितग्राहियों द्वारा उनके अनुभव भी कार्यक्रम के दौरान साझा किए जाते हैं जिससे कि लोगों को प्रेरणा मिल सके। वही उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाए जाने एवं वंचित व्यक्ति तक पहुंचने जनसामान्य में योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने एवं जागरूकता पैदा करने, वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने, लाभार्थियों के व्यक्तिगत अनुभव साझा करने ह्यमेरी कहानी, मेरी जुबानीह्न तथा संभावित लाभावर्थियों का चयन, आवेदनों को प्राप्त करने के उद्देश्य से ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर प्राकृतिक खेती, साईल हेल्थ कार्ड एवं उन्नत तकनीक की जानकारी, आयुष्मान भारत के काड्र्स, स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में सिकल सेल तथा टीबी परीक्षण, पेंशन आवेदन, पीएम आवास योजना-ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नेनो उर्वरक का उपयोग, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का आयोजन आदि की जानकारी उक्त कार्यक्रम के माध्यम से दी गई।




### मंदिर के मुख्यद्वार पर लगाए गए श्रीराम के बैनर बने आकर्षण का केंद्र

**सिरोंज।** 22 जनवरी को लेकर नगर के समस्त मंदिरों की सजावट प्रांरभ हो गई है। वही नगर के हलवाई खाना स्थित नेमा समाज मंदिर के मुख्यद्वार पर वरिष्ठ समाज सेवी एंव मां शीतला स्वीट्स के संचालक अशोक नेमा द्वारा श्रीराम भगवान के बडें बडें बैनर लगवाए गए। जो कि आकर्षण का केन्द्र बनें हुए है।

## साइकिल से मां नर्मदा की परिक्रमा कर वापस लौटे कैलाश मैथली का लोगों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मां नर्मदा की लगभग 3400 किमी की साइकिल से परिक्रमा कर वापस लौटे कैलाष मैथली का वरिष्ठ समाजसेवी खुशाल सिंह रघवुंशी व उनके अनेक मित्रों ने फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर श्री मैथली ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा या यात्रा एक धार्मिक यात्रा है। जिसने भी नर्मदा या गंगा में से किसी एक की परिक्रमा पूरी कर



ली उसने अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा काम कर लिया। उसने मरने से पहले वह सब कुछ जान लिया, जो वह यात्रा नहीं करके जिंदगी में कभी नहीं जान पाता। माँ नर्मदा परिक्रमा एक आध्यात्मिक यात्रा है जो चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों है। यह एक ऐसी परंपरा है जिसका पालन सदियों से किया जा रहा है और यह इसे अपनाने वालों को प्रेरित और परिवर्तित करती रहती है। इस मौके पर भगत सिंह रघुवंशी,पृथ्वी सिंह रघुवंशी,एडवोकेट केसरी सिंह कुशवाह,मनु रघुवंशी आदि लोग मौजूद रहें।

### ग्रामीणों को सरकार की चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया



**पिपलधार।** ग्राम पंचायत पिपलधार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने कार्यक्रम शुभारंभ किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा संस्कृत प्रसूतियां दी गईं। इसके बाद मप्र एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीण लोगों को दी गई। कार्यक्रम में शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा, जनपद सीईओ जितेंद्र धाकरे, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी, जनपद उपाध्यक्ष नीलेश किरार, जिला पंचायत सदस्य लाखन सिंह कुशवाह, शमशाबाद तहसीलदार जनपद सदस्य प्रतिनिधि भोजपाल यादव, सरपंच प्रतिनिधि रामराज सिंह यादव, सरपंच धर्मेंद्र यादव, उपसरपंच खुमान सिंह यादव, भूरा धाकड़, चैन सिंह मीणा, शैलेंद्र ठाकुर, ब्रज यादव, राजपाल यादव, सुरेंद्र जैन, संदीप यादव सचिव शाहिद खान रोजगार सहायक गौरव शर्मा, उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सुरेंद्र किरार नोडल अधिकारी प्रदीप झा, मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र सत्यम यादव सहित समस्त स्कूल स्टाफ आंगनबाड़ी स्टाफ ग्रामीण लोग आदि उपस्थित रहे।

### जनपद सदस्य शर्मा ने अयोध्या से आए अक्षत गांवों में किए वितरित

**हैदरगढ़।** हैदरगढ़ क्षेत्र के ग्रामों में जनपद सदस्य अनिल शर्मा ने घर-घर पहुंचकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत चावल का वितरण किया। राम भक्तों द्वारा गांव में घर-घर जाकर तिलक लगाकर सभी को निमंत्रण दिया। ग्यारसपुर क्षेत्र के जनपद सदस्य भाजपा के अनिल शर्मा बहलोट वालों के साथ राम भक्तों द्वारा 22 जनवरी को दीपावली की तरह अपने घरों पर साफ सफाई करके पांच-पांच दीपक जलाने की ग्रामीणों से अपील की। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों के लिए बधाई दी।

### भारतीय वायु सेना भर्ती रैली के लिए आवेदन 17 जनवरी से

**सागर।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) भर्ती रैली में सम्मिलित होने के लिये इच्छुक आवेदक वेबसाइट पर अपना आनलाईन पंजीयन 17 जनवरी प्रातः 11 बजे से 6 फरवरी तक करा सकते है। ऐसे युवा आवेदक जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 (दोनो तिथिया सामिल करते हुये) के मध्य हुआ है वे आवेदक भर्ती रैली पंजीयन करा सकते है।

### प्रतिभाशाली छात्रों व संयुक्त परिवारों का राज्यमंत्री पटेल ने किया सम्मान

**बरेली।** मकर संक्रांति के पर्व पर जैन समाज द्वारा पिछले 25 वर्षो से समनापुर में संचालित की जा रही गौ शाला में गौ पूजन गौ ग्रास कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश के लोक स्वा. परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने शिरकत कर गौ पूजन की गई, गौ ग्रास कराया। इस अवसर पर राज्यमंत्री पटेल ने जैन समाज के प्रतिभाशाली छात्रों एवं संयुक्त परिवारों का सम्मान किया गया। गौ पूजन गौ ग्रास कार्यक्रम में आए प्रदेश के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल का गौ शाला समिति के अध्यक्ष चन्द्रकुमार जैन, कोषाध्यक्ष सिंघई विजय कुमार जैन, जैन पंचायत कमेटी के पदाधिकारियों, सर्वोदय युवा मंडल, महिला मंडल द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यमंत्री पटैल ने कहा कि जैन समाज द्वारा जिस प्रकार सात्विक जीवन और भोजन किया जाता है। जीवो पर दया और उनके संरक्षण के प्रयास सराहनीय है। गौ शाला पुनीत कार्य में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने जैन समाज के



अनुभव जैन को सीए बनने के साथ ही आईआईटी, नीट, क्लेट में चयनित प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।


इसी के साथ जैन समाज के संयुक्त परिवार की परंपरा बनाये रखने वालों का भी सम्मान किया।

कार्यक्रम में नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, व्यापारी संघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, समाजसेवी अजय नाहर, अनिल जैन पप्पू भैया, शिखर जैन, जितेन्द्र जैन शिक्षक, राजीव तारण, विपुल तारण सहित भारी संख्या में नर-नारियों, युवाओं की उपस्थिति रही। संचालन अजय जैन ने एवं सभी का आभार अंकित जैन ने व्यक्त किया।

### मांगरोल नर्मदा पुल घाट से तट पर पहुंचना बना रहा जोखिम भरा

**बरेली।** बरेली जिला रायसेन और पिपरिया जिला नर्मदापुरम की सीमा पर बने पुल घाट से नीचे उतर कर नर्मदा किनारे पहुंचना श्रद्धालु नर-नारियों, बच्चों को अत्याधिक खतरनाक जोखिम भरा बना रहा। इसी स्थान के ऊपर से मां नर्मदा पूर्व से पश्चिम दिशा में बहती है। पुल के उत्तर तट पर अत्याधिक उंची मिट्टी घाटिया है। नीचे नर्मदा मैया की सुनेहरी रेत और किनारा है। पुल के दूसरी ओर सिवनी घाट जो पिपरिया तहसील में आता है। वहॉ भी उंची मिट्टी की घाटी और फिर नर्मदा किनारे श्रद्धालु पहुंचते है। वर्षो पूर्व पुल की उत्तर दिशा में नीचे उतरने सीढिया बनाई गई थी। जो क्षतिग्रस्त हो जाने के साथ बाढ़ में डूबने से मिट्टी रेत से भर गई। नर्मदा तट पहुंचना हजारो श्रद्धालुओं को भारी जोखिम भरा और खतरनाक बना रहा। लगभग 25-25 फिट की उंची पढाई के दौरान महिलाओं, बच्चो, बुजूर्गो का संतुलन बिगडता रहा। गिरते उठते और रेत धूल झाडकर उपर चढने, नीचे उतरने का प्रयास करते रहे। गनीमत रही की कोई गंभीर घटना नहीं हुई। श्रद्धालुओं द्वारा मजबूत चोडी सीढिया निर्माण कराये जाने की लंबे समय से मांग की जा रही है।

## नपं ने संकट मोचन मंदिर से की सफाई की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूर्व मंदिरो की साफ सफाई अभियान का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आव्हान किया है। नपं. द्वारा नगर के संकट मोचन हनुमान मंदिर से अभियान की शुरूआत की गई। मंदिर में साफ सफाई के लिए नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, समस्त पार्षदों, समाजसेवी और मंदिर समिति ट्रस्ट के सचिव राधेश्याम पालीवाल, हिउस अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, एसडीएम संतोष मुदगल, सीएमओ हरिशंकर वर्मा इत्यादि द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।

नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी ने चर्चा करते हुए कहा कि नगर के सभी मंदिरो में साफ सफाई अभियान चलाया जाएगा। अपने आसपास और मंदिरो को साफ स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी से इस अभियान से जुडने और सहभागी बनने का नपं. अध्यक्ष चौधरी ने आग्रह किया।

# अक्षत वितरणः कुरवाई प्रखंड के 16 मंडल, 2 बस्तियां और 15 मोहल्ले हुए पूर्ण, 151 गांवों तक पहुंचे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

विगत 1 जनबरी से श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर आरंभ हुए विश्व हिन्दू परिषद के देश व्यापी अक्षत वितरण एवं परिवार संपर्क अभियान का सोमवार को समापन हो गया। बजरंगदल विभाग सह संयोजक सचिन यादव ने बताया कि कुरवाई प्रखंड में इस अभियान की पूर्व से ही व्यापक तैयारियां की गईं थीं।

ग्राम स्तर तक टोलियां बनाईं गईं। जिसके परिणामस्वरूप प्रखंड के अंतर्गत सभी 16 मंडलों, 2 बस्तियों और 15 मोहल्लों में तथा 151 ग्रामों को स्पर्श करते हुए यह अभियान पूर्ण हो गया है। श्री राम जन्मभूमि पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर हिन्दू समाज में काफी उत्साह है। संपर्क की टोलियां जब ग्राम में अयोध्या के अक्षत लेकर पहुंचतीं तो ग्राम वासियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाता। लोगों ने कहा कि 22 जनबरी को देश



की अब तक की सबसे बड़ी दीवाली मनायेंगे। राम जब 14 वर्ष के वनवास से लौटे थे तब अयोध्या में दीवाली मनी थी। आज राम 496 वर्षों के बाद अपने राजमहल में प्रतिष्ठित हो रहे हैं । यह हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल है। इस दिन को पूरे उत्साह से मनाएंगे।

### मंदिरों में आयोजन घरों में बंधेंगे वंदनवार

ग्राम हो या शहर हर मंदिर पर 22 जनबरी को कुछ न कुछ आयोजन अवश्य होगा। कहीं अखंड रामायण, कहीं रामधुन तो कहीं प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा प्रसादी वितरण से लेकर भव्य भंडारे तक की योजना मंदिर समितियों ने बना रखी है संपर्क की टोलियों ने मंदिर समितियों से हर मंदिर को अयोध्या बनाने का आह्वान किया है एवं घरों की साज सज्जा करने, रंगोली बनाने, घर पर भगवा ध्वज लगाने तथा वंदनवार बांधने का आग्रह किया है।

## स्काउट शिविर में छात्रों ने सीखा अनुशासन



**शमशाबाद।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय पुनर्भयास स्काउट शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 19 स्काउट शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं 11 स्काउट ज्ञान ज्योति एकेडमी के सम्मिलित हुए। शिविर का मुख्य उद्धेश्य छात्रों को प्रवेश से लेकर राज्य पुरुस्कार तक के पाठ्यक्रम का पुनर्भ्यास करना था। स्काउट शिविर वन विद्या पर आधारित कार्य प्रणाली पर रखा गया था। शिविर में स्काउट को जंगल अथवा किसी ऐसे स्थान पर फंसने, जहां संसाधन ना हो। वहां सरवाइव कैसे किया जाए। इसका प्रशिक्षण प्रदान किया गया। स्काउट को प्रथम सोपान से लेकर राज्यपाल पुरुस्कार तक की गांठे, बंधन, मानचित्र, कंपास का उपयोग, शिविर कला, कम संसाधनों में बिना वर्तन के भोजन बनाना, खोज के चिन्ह, वन विद्या, प्राथमिक चिकित्सा एवं हाईक इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। नगर निरीक्षक कैलाश भारद्वाज ने स्काउट के छात्रों को सड़क सुरक्षा के संबंध में बताया, यातायात के बारे में हमेशा हेलमेट का प्रयोग करने, सीट बेल्ट का बांधकर ही गाड़ी को चलाए सहित अन्य जानकारियां दी व पुलिस की कार्यप्रणाली के संबंध में बच्चों की जिज्ञासाओं का जबाव दिया। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 17 स्काउट राज्यपाल पुरुस्कार जांच शिविर के लिए चयनित हुए। इस अवसर पर सहायक स्काउट मास्टर जितेंद्र विश्वकर्मा, देवेश आर्य संचालक ज्ञान ज्योति एकेडमी एवं कार्यालय सहायक गोलू धाकड़ का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



फोटो : सोनू कुशवाहा

# नर्मदा मैया के घाटों पर लोगों ने लगाई आस्था की 'डुबकी'



## 8 क्विंटल फूलों से सजे भगवान भोलेनाथ

## मकर संक्रांति के दिन भोजपुर शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का जबरदस्त जनसैलाब, 20 हजार से अधिक लोगों ने किए दर्शन

*विश्व धाम भगवान भोलेनाथ की नगरी भोजपुर में मकर संक्रांति के दूसरे दिन सोमवार को भक्तों का जबरदस्त जनसैलाब भोलेनाथ के दरबार में पहुंचा और आशीर्वाद लेकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शन करने पहुंचे यह सिलसिला सूर्यस्त के बाद तक दर्शन करने वालो का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं के भोजपुर पहुँचने को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली थी उसके बाद भी पूरे दिन भोजपुर मार्ग पर वाहन रेंगते रहे। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल नेतृत्व मे सभी थानो का पुलिस बल एवं जिला मुख्यालय के बल ने व्यावस्थाए संभाली। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विकास कुमार पांडे ने बताया की पुलिस के 150 अधिकारी और कर्मचारियों को तैनात किया गया है। रायसेन जिले के सभी थानों का पुलिस स्टाफ भोजपुर में लगाया गया है। जिसमे आठ थानों के थाना प्रभारी भोजपुर में व्यवस्था संभाले रहे स्वास्थ्य व चिकित्सको का दल मौजूद था।*

### 08 कुंटल फूलों से भोलेनाथ को सजाया

*मकर संक्रांति पर्व पर भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं महा आरती के साथ किया। पंडित शैलेंद्र गिरी ने बताया कि 08 कुंटल से अधिक फूलों से भगवान भोलेनाथ को सजाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहे भगवान शिव का अद्भुत श्रृंगार देखने को मिला एवं दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।*

**मां नर्मदा जी के तटो पर हुए भंडारे, मेलों का भी हुआ आयोजन, दाल बाटी बना कर श्रद्धालुओं ने उठाया आनंद**

## स्नान के लिए नर्मदा तटों पर पहुंचे हजारों भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को मकर सक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष्य में हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा जी के किनारे पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। भगवान सूर्य को अर्ध्य दिया एवं प्रणाम करने के पश्चात मंदिरों, आश्रमों में जाकर साधु संतों के दर्शन किए एवं श्रद्धा अनुसार दान किया तथा मकर सक्रांति के पर्व के अवसर पर आशीर्वाद भी लिया। जिलेभर में अनेक स्थानों पर मेलों का आयोजन किया गया, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और आनंद लिया।

रायसेन जिलेभर से हजारों श्रद्धालु अलसुबह से ही होशंगाबाद, बुधनी, शाहगंज, बांद्रावान, बगलवाडा, अलीगंज, बौरास, पतई तथा सोकलपुर सहित मां नर्मदा जी के अनेकों घाटों पर लोग श्रद्धा भावना के साथ मकर सक्रांति का शाही स्नान करने के लिए पहुंचे और श्रद्धा की डुबकी लगाकर भजन पूजन किया गया। वहीं लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा भी पूरी तैयारियां की गई थी, सभी घाटों और मेला स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहा।

**खास बातें**

- मकर संक्राति पर्व पर हजारों की संख्या में शाही स्नान करने पहुंचे लोग
- लोगों की भारी भीड़ को देख पुलिस ने तैनात किए सुरक्षा बल
- भोजपुर शिव मंदिर पर भी रही श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़
- नर्मदा मार्गों पर बनी रही जाम की स्थिति

**बरेली।** 14 जनवरी की रात्रि एवं 15 जनवरी की अल सुबह से क्षेत्र के सभी नर्मदा तटो पर हजारो श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सूर्य भगवान के मकर राशि में प्रवेश के पर्व पर हजारो भक्त नर्मदा मैया में आस्था, पुण्य की डुबकी लगाने पहुंचे, जिससे नगर में सन्नाटा बना रहने की स्थिति रही।

यह इस क्षेत्र का सौभाग्य है कि नगर से नर्मदा तटो की दूरी कही 9-10 किमी. और अधिकतम 20 किमी है। शीत की परवाह किए बिना धार्मिक श्रद्धालुओं की रात्रि में नर्मदा तटो पर पहुंचना शुरू हो गया था। अलीगंज पुलघाट, मांगरोल, सतरावन, सोजनी, डूमर, बगलवाडा, मौतलसिर, केतोघान, बौरास, पतई, अनघोरा, शोकलपुर नर्मदा तटो पर स्थानीय के साथ जिले के अन्य स्थानों से आए वाहनों में सवार हजारो नर-नारियों द्वारा नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाई गई।

**भंडारे में दाल बाटी का उठाया आनंद**

मकर संक्रांति पर तेल तिल, तिल्ली वस्त्र, अन्न खिचडी दान करने का महत्व होता है। संक्रांति पर घरो घर तिल तिल्ली के लड्डु बनाने खाने खिलाने की परंपरा है। नर्मदा तटो पर पहुंचे सेकडो परिवार द्वारा दाल बाटी, भरता, लड्डू बना कर नर्मदा मैया को भोग लगा कर प्रसादी ग्रहण की। नर्मदा तटो पर मंदिरो में श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मांगरोल पुल घाट के पास शिवाजी पटैल परिवार द्वारा संचालित नर्मदा मैया सेवा आश्रम में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के लोक कल्याण एवं स्वा. राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने भी उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की गई।

**मार्गों पर वाहनों की भागमभाग**

*नर्मदा तटो की ओर जाने वाले प्रमुख बरेली पिपरिया, बगलवाडा, बाग पिपरिया, केतोघान, बाड़ी बक्तरा मार्ग, उदयपुरा बौरास, देवरी पतई मार्गो पर हजारो दो पहिया, चार पहिया वाहनों का सोमवार की सुबह भारी आवागमन बना रहा। वाहनों की भागमभाग के कारण अनेक बार जाम की स्थिति बनती और ठीक होती रही। नर्मदा तटो पर पर्व स्नान के कारण स्थान की कमी भी बनी रही।*

## भगवान शांतिनाथ, कुंथुनाथ, अरनाथ की प्रतिमा का महा मस्तकाभिषेक कर मनाई गजरथ महामहोत्सव की 7वीं वर्षगांठ

**सिलवानी।** नगर के त्रिमूर्ति जिनालय में पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा व गजरथ महामहोत्सव के 7 वर्ष पूर्ण होने पर त्रिमूर्ति जिनालय में पार्श्वनाथ दिगंबर जैन समाज द्वारा महा मस्तकाभिषेक कार्यक्रम संपन्न किया। कार्यक्रम के तहत भगवान शांतिनाथ, कुंथुनाथ व अरनाथ की प्रतिमा का महा मस्तकाभिषेक, शांतिधारा पूजन, शांति विधान का आयोजन किया। यहां पर स्वर्ण कलश से शांतिनाथ भगवान की शांतिधारा सवाई सिंघई क्षेमेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, अमित कुमार, सर्वार्थ व मीत जैन द्वारा परिवार सहित की। जबकि रजत कलश से कुंथुनाथ भगवान की शांतिधारा लख्मीचंद्र जैन, संजय कमार, संदीप कुमार, शरद कुमार, श्रैष्ठ जैन द्वारा परिवार सहित की गई।

**सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस**

## खेत में मिला 70 वर्षीय वृद्ध का शव, फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज



**सलामतपुर।** मौके पर जांच करती हुई सलामतपुर पुलिस।

रायसेन जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनिया स्थित एक खेत में लगभग 70 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सलामतपुर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की जेब में एक पर्ची मिली जिस पर परिजनों के नंबर लिखे हुए थे। उनको मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। मृतक की पहचान शेख जिलानी उम्र 65 वर्ष जनता नगर करोद भोपाल के रूप में हुई है।

परिजनों ने बताया कि मृतक मानसिक रुप से कमजोर था और भूलने की बीमारी थी इसीलिए उनकी जेब में पर्ची पर लिखकर परिवार के नंबर रखे थे, जिससे पुलिस ने पहचान की।

फ़िलहाल पुलिस ने मार्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सांची अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं थाना प्रभारी दिनेश कुमार रघुवंशी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा।

**मंदिरों में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान**

## पग्नेश्वर के मंदिर में विधायक ने साफ-सफाई कर की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



**रायसेन।** मंदिर में साफ-सफाई करते हुए विधायक प्रभुराम चौधरी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर सोमवार को सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा ग्राम पग्नेश्वर में स्थित मंदिर में स्वच्छता सेवा की। उन्होंने मंदिर में भजन-कीर्तन किया और बेतवा नदी में दीपदान भी किया। विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व देश के प्रत्येक धार्मिक स्थल पर और आसपास स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है।

सभी नागरिक धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई कर इस अभियान में सहभागी बनें। धार्मिक स्थल हमारी आस्था के केन्द्र हैं और उन्हें स्वच्छ और सुंदर रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

विधायक डॉ चौधरी के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों, एसडीएम मुकेश सिंह तथा नागरिकों द्वारा भी मंदिर में साफ-सफाई कर स्वच्छता सेवा की गई। ग्राम पग्नेश्वर के साथ ही सम्पूर्ण जिले में स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवा संगठनों और नागरिकों द्वारा साफ-सफाई की जा रही है।

**19 से 25 जनवरी तक ज्ञान यज्ञ महोत्सव**

## श्रीमद् भागवत कथा के साथ ही प्रारंभ होगा धर्मस्य मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



**बाड़ी।** कथावाचक पंडित प्रकाश शर्मा

नगर का गौरवशाली धर्मस्य इतिहास भरी पड़ी नगर की संपदा सब कुछ होने के बाद कभी भी अपनी प्रसिद्धि का दावा नहीं किया। प्राचीन दूधाधारी मंदिर संत तपस्या का प्रतिफल है। दूधाधारी मंदिर इस मंदिर परिसर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण के साथ बैकुंठ धाम में विराजमान है।

इस दुर्लभ प्रतिमा में वह सभी चिन्ह मौजूद हैं, जो भगवान श्रीराम के शरीर में थे यह दुर्लभ प्रतिमा जन आस्था का केंद्र बिंदु है। इस प्राचीन दूधाधारी मंदिर की संतों की तपस्या और उनके चमत्कारों की कथाएं सनी भी जाती हैं और सुनाई भी जाती है बाड़ी नामक डायरी में इस प्राचीन मंदिर के चमत्कार के विषय में विस्तार से वर्णन किया गया है।

इस प्राचीन मंदिर में 19 जनवरी से श्रीमद् भागवत कथा महा पुराण का आयोजन किया जा रहा है। कई वर्षों बाद यहां धर्मस्य मेला लगने वाला है यहां पर श्रीमद् भागवत कथा में कथा का आयोजन पंडित प्रकाश जी शर्मा द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण भक्तों को भक्ति रसपान करेंगे। लंबे समय के बाद एक बार फिर दूधाधारी मंदिर की प्रसिद्धि के विषय में लोग जान सकेंगे। इस मंदिर के विषय में नगर की एक पत्रकार ने नगर की सभी धार्मिक प्रसिद्ध गाथाओं को बाड़ी नमक डायरी में मनमोहक चित्रण किया है। इस डायरी का प्रकाशन संभव एक वर्ष बाद होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## राष्ट्रीय आह्वान पर एक बार फिर से मोदी सरकार, स्लोगन का किया दीवार लेखन

### जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ दीवारों पर लिखे स्लोगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आहवान पर देश, प्रदेश एवं जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर और बूथ स्तर पर एक बार फिर से मोदी सरकार का स्लोगन एवं भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल का फूल का दीवार लेखन का कार्य 15 जनवरी को जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा की मौजूदगी में जिला मंडल एवं बूथ स्तर तक प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय अनुसार किया गया।

इस अवसर पर उनके साथ भाजपा के अनेक नेता एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के निर्धारित दीवार लेखन कार्यक्रम के अनुसारदोप 12 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में दोप 2 बजे प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने भोपाल में दोपहर 3 बजे जिला अध्यक्ष भाजपा राकेश शर्मा ने जिला मुख्यालय पर सायं 4 बजे मंडल अध्यक्ष आदित्य शर्मा सहित जिले के सभी मंडल अध्यक्षों ने स्लोगन का दीवार लेखन कराया वहीं प्रत्येक बूथ स्तर पर भी पांच-पांच स्लोगन लिखे गए एवं मण्डल लेवल पर दीवाल लेखन किया। इस अवसर पर दीवार लेखन कार्य के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता धीरेंद्र सिंह कुशवाह, मलखान सिंह मीणा, वीर सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष आदित्य शर्मा, अशोक राठौर, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, राज मीणा, शुभम रावत, जीतू ठाकुर, ब्रिज विश्वकर्मा, सीएल गौर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बच्चों के साथ युवाओं ने मनाया पतंग महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित विश्व धरोहर स्थल सांची में इक्वेशंस द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें युवाओं तथा बच्चो ने अपनी पतंगों पर चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 112, 1098 और पुलिस सहायता नंबर 100 डायल का संदेश लिखकर पतंग को उड़ाया। पतंग महोत्सव का उद्देश्य पतंग के माध्यम से व्यपाक रूप से बाल सरंक्षण का संदेश पहुँचे ओर सुरक्षित पर्यटन स्थल बनाया जा सके।

बच्चों और युवाओं ने इको फ्रेंडली पतंग बनाई जिसने पेपर का उपयोग किया और बिना धार वाले धागे का उपयोग किया। पतंग महोत्सव में इक्वेशंस से सुरजभान सिंह ठाकुर, अंजली शर्मा, साधना राठी तथा वोलेंटियर मीनाक्षी ठाकुर, कृष्णभान यादव, सुहानी शर्मा, छोटी सूर्यवंशी का सहयोग रहा।

## सियरमऊ में बैठक आयोजित कर बनाई 22 जनवरी को कार्यक्रम की कार्ययोजना

**प्राण-प्रतिष्ठा के दिन निकाली जाएगी ग्राम में विशाल शोभायात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी




अयोध्या में नवनिर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में अंचल के सियरमऊ ग्राम में युवाओ ने बैठक आयोजित कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत ग्राम में दो दिनी समारोह आयोजित करने की रुपरेखा बनाई बनाई।

ग्राम के बस स्टेण्ड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित की गई बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। तय कार्यक्रम के तहत 21 जनवरी को रामधुन का आयोजन प्रारंभ होगा जिसका समापन 22 जनवरी को किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर के समय ग्राम में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

बैठक में मौजूद रहे धीरेंद्र प्रताप शाह ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सनातन सम्प्रद्राय में हर्ष व्याप्त है। सियरमऊ ग्राम में दो दिनी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

दो दिनी समारोह में सीताराम का जाप, महा आरती एवं श्रीराम दरबार शोभायात्रा ग्राम में निकाली जाएगी। शोभायात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण के बाद प्रारंभिक स्थल पर समाप्त होगी। प्राण प्रतिष्ठा के समय घर घर दीपक प्रज्जोलित किए जाएगें तथा 108 दीपों से राजाराम सरकार की आरती की जाएगी।

बैठक में प्रभात नामदेव, विकास साहू, रोहित शर्मा, नरेंद्र ठाकुर, कुंदन लाल कुशवाहा, निलेश, टीकम, संदीप साहू, ऋतुराज, अभिषेक, अर्जुन यादव, भूपेश दुबे, संजू ठाकुर, आदि सम्मिलित हुए।